C-कैंप BFI-बायोम वर्चुअल नेटवर्क कार्यक्रम में शामिल हुआ

स्रोत: द हिंदू

सेंटर फॉर सेलुलर एंड मॉलिक्यूलर प्लेटफॉर्म्स (C-कैंप) ने बायोमेडिकल इनोवेशन के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल समाधानों को आगे बढ़ाने के लिये ब्लॉकचेन **फॉर इम्पैक्ट (BFI) बायोम वर्चुअल नेटवर्क प्रोग्राम** के साथ साझेदारी की है।

- BFI-बायोम वर्चुअल नेटवर्क प्रोग्राम, सहयोग (Collaboration) को बढ़ावा देने के लिये अनुसंधान संस्थानों और इनक्यूबेटरों को साथ लाने के लिये एक पहल है।
  - इस कार्यक्रम के माध्यम से, BFI C-कैंप की विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए सुलभ और किफायती स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिये तीन वर्षों में 2,00,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक आवंटित करेगा।
- C-कैंप **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग** की एक पहल है, जिसका उद्देश्य अत्याधुनिक जीव विज्ञान अनुसंधान और नवाचार को सक्षम बनाना है।
- C-कैंप संक्रामक रोगों के निदान, रोगाणुरोधी प्रतिरोध, सेल थेरेपी, **इम्यूनो-ऑन्कोलॉजी, पुनर्योजी ऊतक (Regenerative Tissue)** और डिजिटल स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में बायोमेडिकल नवाचारों को संचालित करता है।
  - यह सीड फंडिंग योजनाओं, मेंटरशिप कार्यक्रमों और बायो-इंक्यूबेशन सुविधाओं के माध्यम से उद्यमिता एवं नवाचार को भी बढ़ावा देता है।

और पढ़ें: आयुष और आधुनिक चिकित्सा का समन्वय, डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/c-camp-joins-bfi-biome-virtual-network-program